CMYK

# भीलवाड़ा फोकस

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 278 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - शनिवार, 11 अप्रैल ,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## आरजीएचएस पर सियासी संग्राम: दवाइयों को तरसे कर्मचारी-पेंशनर्स

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**



राज्य में आरजीएचएस योजना के तहत दवाइयों की किल्लत को लेकर सियासत गरमा गई है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि कर्मचारियों और पेंशनर्स की तनख्वाह से पैसा कटने के बावजूद उन्हें दवाइयां नहीं मिल रही हैं।

जूली ने कहा कि अस्पतालों को भुगतान नहीं होने के कारण कई अस्पतालों ने सेवाएं प्रभावित कर दी हैं और मरीजों को दवाइयां देने से मना किया जा रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी स्थिति में कर्मचारी और पेंशनर्स आखिर जाएं तो जाएं कहां।

उन्होंने मुख्यमंत्री से तुरंत आरजीएचएस का बजट जारी कर अस्पतालों, कर्मचारियों और पेंशनर्स का भुगतान करने की मांग की। जूली ने कहा कि बुजुर्ग और सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है, जिन्हें बार-बार इलाज और दवाइयों की जरूरत पड़ती है।

नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि पूर्ववर्ती सरकार के समय इस योजना में ऐसी स्थिति नहीं थी, लेकिन वर्तमान में स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाएं पटरी से उतरती नजर आ रही हैं। उन्होंने इसे सरकार की गंभीर लापरवाही बताते हुए कहा कि जनहित की योजनाओं को कमजोर करना चिंताजनक है।

## बेड़च नदी किनारे साइकिल सवार की तबीयत बिगड़ने से मौत, क्षेत्र में सनसनी



**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**

**(सांवर वैष्णव)** बड़लियास थाना क्षेत्र में बेड़च नदी किनारे एक साइकिल सवार युवक की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार युवक बरूदनी से बेड़च नदी पार कर बड़लियास की ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई और वह गिर पड़ा। इसके बाद युवक पास ही एक पेड़ की छांव और चबूतरे के सहारे रुका, लेकिन कुछ ही देर में उसकी हालत और बिगड़ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलने पर बड़लियास थाना एएसआई जेठमल एवं दीवान सावलदान मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि युवक की पहचान नंदलाल पुत्र भंवर भील (40) निवासी बिछौर, थाना पारसोली चित्तौड़गढ़ के रूप में हुई है।

पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद परिजन मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए कोटड़ी चिकित्सालय भिजवाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## पत्रकार पर हमले में कार्रवाई सुस्त, सीएम से लगाई न्याय की गुहार

### जानलेवा हमले के आरोपी खुले घूम रहे, सफेदपोशों के इशारे पर दबाव बनाने का आरोप

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।**

नगर में पत्रकार पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस की ढिलाई पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। घटना के कई दिन बाद भी न तो सभी आरोपी गिरफ्तार हो पाए हैं और न ही लूटी गई संपत्ति बरामद की जा सकी है। खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे पीड़ित पत्रकार ने अब मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

नगर निवासी पत्रकार श्याम विजयवर्गीय ने ज्ञापन में बताया कि 1 अप्रैल 2026 की रात करीब 9:10 बजे उनके घर के बाहर कार में आए चार आरोपियों ने रास्ता रोककर उन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान आरोपियों ने करीब 30 ग्राम सोने की चेन और 11 हजार रुपए नकद छीन लिए। इस संबंध में थाना बिजौलिया में मामला दर्ज कराया गया है। पीड़ित का आरोप है कि घटना के 9 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी लक्ष्मीनारायण उर्फ कालू (25) निवासी छोटा दरवाजा, बिजौलिया और हेमंत जांगिड़ (26) निवासी विवेकानंद नगर, कोटा को हिरासत में जरूर लिया, लेकिन नगरपालिका में संविदा पर कार्यरत योगेश अहीर सहित अन्य आरोपी अब भी खुलेआम घूम रहे हैं। इससे पीड़ित और उसका परिवार भय के साये में जीने को मजबूर है। उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को भी रोडवेज बस स्टैंड पर आरोपियों ने लाल रंग की काले शीशों वाली कार में आकर उनकी रेकी की और जान से मारने की धमकी दी। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया।

विजयवर्गीय ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए कहा कि गिरफ्तार आरोपियों से न तो लूटी गई संपत्ति बरामद की गई और न ही उन्हें पीसी रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की गई, जिससे जांच की गंभीरता पर संदेह पैदा होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सीसीटीवी फुटेज, लाठी सहित अन्य साक्ष्य उपलब्ध कराने के बावजूद बिना नंबर की कार, सोने की चेन और नकदी की बरामदगी नहीं की गई है। इसी बीच मामले में एक नया मोड़ सामने आया है।

पीड़ित का आरोप है कि नगरपालिका के नामजद संविदाकर्मी को बचाने के प्रयास में ठेकेदार के अधीन कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने बौखलाहट में आकर मनगढ़ंत तरीके से सुनियोजित रूप से सफेदपोशों की पनाह में उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, ताकि पत्रकार पर दबाव बनाया जा सके।

पत्रकार ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी से करवाई जाए, संबंधित संविदाकर्मी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए, शेष आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए तथा उन्हें और उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की कार्यवाही, ट्रैक्टर ट्रॉली जप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर**



**( सांवर वैष्णव )**:- सवाईपुर क्षेत्र के सोलंकिया का खेड़ा के पास अवैध बजरी खनन के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, बड़लियास थाना पुलिस ने एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि शुक्रवार को पुलिस थाना बडलियास के द्वारा सोलंकिया का खेड़ा गांव के पास बनास नदी में अवैध बजरी खनन करते पाए जाने पर एक ट्रैक्टर ट्राली को जप्त कर प्रकरण दर्ज किया गया । पुलिस की इस कार्रवाई के दौरान दीवान सावल दान, कांस्टेबल संदीप कुमार व श्रवण कुमार आदि शामिल थे ।।

## माण्डल पुलिस ने चोरी का खुलासा कर 206 किलो तांबा किया बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

माण्डल थाना पुलिस ने चोरी की एक वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 206 किलोग्राम तांबा तथा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जब्त की है।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा बुद्धराज एवं वृताधिकारी माण्डल राहुल जोशी के सुपरविजन में थानाधिकारी आयुष श्रोत्रिय के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की।


पुलिस ने बताया कि मामले में परिवादी रामनारायण पुत्र रामस्वरूप पटवारी निवासी माण्डल ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उनकी कंपनी में स्क्रैप से एल्युमिनियम के बर्तन बनाने का कार्य होता है, जहां 150 से 200 किलोग्राम तांबा रखा हुआ था। 26 मार्च और 29 मार्च 2026 की रात अज्ञात बदमाश कंपनी में घुसकर तांबा चोरी कर ले गए।

मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की और घटनास्थल सहित आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण व संदिग्धों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने मुकेश कालबेलिया पुत्र श्रवण निवासी सुरास, मुकेश कालबेलिया पुत्र नगजी निवासी रीछड़ा तथा एक नाबालिग को डिटेन किया। पूछताछ में आरोपियों ने चोरी करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया 206 किलोग्राम तांबा और घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद कर ली है। फिलहाल आरोपियों से पूछताछ जारी है और अन्य वारदातों में उनकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

## नशे में ट्रक चालक ने बिजली पोल तोड़ा, बड़ा हादसा टला

**भीलवाड़ा फोकस @ पारोली ।**



कस्बे के बीच बाजार में शुक्रवार को एक बड़ी लापरवाही सामने आई, जहां नशे में धुत ट्रक चालक ने संकरे रास्ते से वाहन निकालने के प्रयास में बिजली के पोल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि पोल गिर गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक को रास्ता संकरा होने के कारण ट्रक निकालने से रोका गया था, लेकिन उसने चेतावनी को नजरअंदाज करते हुए वाहन आगे बढ़ाया। इसी दौरान ट्रक अनियंत्रित होकर पोल से जा टकराया।

हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन एक बड़ा हादसा टल गया। घटना के समय पोल के पास ही हनुमान सुथार अपने घर के बाहर सफाई कर रहे थे, जो बाल-बाल बच गए।

सूचना पर पारोली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को जब्त कर लिया। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। इस दौरान ताराचंद नाथ, अशोक काबरा, भागचंद गुर्जर, पपला गुर्जर, बबलू व महेंद्र बैरवा सहित कई लोग मौजूद रहे।

## अवैध पिस्टल के साथ युवक गिरफ्तार, गांधीनगर थाना पुलिस की कार्रवाई, 20 वर्षीय आरोपी पकड़ा गया

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**

जिले में अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत गांधीनगर थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन व वृत्ताधिकारी सज्जन सिंह के निर्देशन में तथा थानाधिकारी डॉ. नेहा राव के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया।

पुलिस के अनुसार गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि 200 फीट रोड स्थित ओसवाल एम्पायर के पास एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो युवक पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पीछा कर पकड़ लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अर्जुन मीणा (20) निवासी भदाली खेड़ा, थाना गांधीनगर बताया। तलाशी लेने पर उसके पजामे की जेब से एक देशी पिस्टल बरामद हुई, जिसमें मैगजीन लगी हुई थी।

पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है तथा अवैध हथियार की खरीद-फरोख्त के संबंध में जांच जारी है।

कार्रवाई में थानाधिकारी डॉ. नेहा राव के नेतृत्व में एएसआई सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल भगवान दास, कांस्टेबल सीताराम, शंकरलाल, तेजाराम एवं भूपेंद्र सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

'भीलवाड़ा फोकस'

अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।

Mo.– 8696795959

Bhilwarafocus@gmail.com

BHILWARA Focus

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ

CMYK

# भीलवाड़ा में गौवंश के साथ कुकृत्य का आरोपी 2 हजार किमी पीछा कर बिहार से गिरफ्तार

## 20 हजार का इनामी आरोपी, पहले भी कर चुका था ऐसी वारदात, 1500 CCTV खंगालकर पुलिस ने की पहचान, ट्रेनों में करता था आवाजाही

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा**

शहर में गौवंश के साथ घिनौना कृत्य करने वाले 20 हजार रुपए के इनामी आरोपी को पुलिस ने करीब 2 हजार किलोमीटर तक पीछा कर बिहार-बांग्लादेश बॉर्डर के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पहले भी भीमगंज थाना क्षेत्र में इसी तरह की वारदात को अंजाम दे चुका था।

जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष टीमें गठित की गई थीं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन के सुपरविजन और वृताधिकारी सज्जन सिंह राठौड़ के नेतृत्व में तीन अलग-अलग टीमें बनाई गईं।

29 मार्च को शिवराज गुर्जर ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी थी कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति गाय के साथ कुकृत्य करता दिखाई दे रहा है।

घटना 27 मार्च के आसपास की बताई गई। वीडियो सामने आने के बाद शहर सहित पूरे हिंदू समाज में भारी रोष फैल गया।

इस पर पुलिस ने राजस्थान गोवंशीय पशु अधिनियम 1995 और पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीमों ने घटनास्थल से लेकर शहर के विभिन्न इलाकों, दुकानों, रेलवे स्टेशन और अभय कमांड सेंटर के करीब 1500 CCTV कैमरों की जांच की। इससे आरोपी की पहचान कर उसकी फोटो और वीडियो राज्य व देशभर के पुलिस नेटवर्क में साझा किए गए।

जांच में सामने आया कि आरोपी ट्रेन से भीलवाड़ा आता और वारदात कर वापस ट्रेन से फरार हो जाता था। इसके बाद टीमों को विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर तैनात किया गया और रोजाना आने-जाने वाली करीब 40 ट्रेनों की बारीकी से जांच की गई।

पुलिस ने भीलवाड़ा से लेकर अजमेर, जयपुर, जोधपुर, आगरा, कानपुर, प्रयागराज, मिर्जापुर और आसनसोल सहित कई रेलवे स्टेशनों के छष्टङ्क फुटेज खंगाले। जांच में पता चला कि आरोपी बिहार के किशनगंज की ओर गया है।

सूचना के आधार पर आरपीएफ के सहयोग से आरोपी को किशनगंज रेलवे स्टेशन (बिहार) से डिटेन कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान संजय कुमार साहू (56) निवासी शास्त्रीनगर, थाना कदमा, जिला पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर, झारखंड) के रूप में हुई है।

पूरे ऑपरेशन में कोतवाली थाना, भीमगंज थाना, साइबर सेल और आरपीएफ की संयुक्त टीमों ने अहम भूमिका निभाई। लगातार निगरानी, तकनीकी विश्लेषण और समन्वय के चलते पुलिस को बड़ी सफलता मिली।

# थड़ोदा विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर, विद्यार्थियों को दी साइबर अपराध की जानकारी



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार 'नेविगेटिंग लाइफ लीगल' कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, थड़ोदा में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम में न्यायिक मजिस्ट्रेट सबा परवीन कागजी ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, हैकिंग और साइबर बुलिंग जैसे मामलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में सतर्क रहना बेहद जरूरी है और किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज करानी चाहिए।उन्होंने विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड रखने, ओटीपी साझा नहीं करने और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ संवाद कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

इस अवसर पर एसीजेएम कोर्ट स्टाफ, नरेश धाकड़, हिमांशु उपाध्याय, पीएलवी अंजली नायक, गोपाललाल पाराशर, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मालीराम यादव, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कन्हैया लाल शर्मा, प्रधानाचार्य प्रवीण नवारिया सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

# जोगणिया माता में सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक, 20 अप्रैल को होगा आयोजन




**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया।**

रावणा राजपूत समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर शुक्रवार को समाज धर्मशाला, जोगणिया माता में आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक आयोजन समिति अध्यक्ष शंभू सिंह सोलंकी डाबी की अध्यक्षता एवं संरक्षक दलपत सिंह सांखला (जयपुर) के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में 20 अप्रैल (आखातीज) को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। आयोजन समिति के अनुसार अब तक तुलसी विवाह सहित कुल 18 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है।

आयोजन की शुरुआत भगवान गणेश एवं मां जोगणिया माता को निमंत्रण अर्पित कर की गई। इसके बाद विभिन्न क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों को निमंत्रण देने की जिम्मेदारियां समाज बंधुओं को सौंपी गईं।

बैठक में भोजन, टेंट, पानी, मंच, मंडप, वरमाला, आशीर्वाद समारोह, बैंड, पार्किंग व सुरक्षा सहित सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। इस दौरान दलपत सिंह सांखला, बालू सिंह देवड़ा, हिम्मत सिंह भाटी, महेंद्र सिंह सोलंकी, कालू सिंह चौहान, शंभू सिंह गहलोत, राम सिंह सांखला सहित अनेक समाज बंधु उपस्थित रहे।

# देवरिया में अंबेडकर प्रतिमा का अनावरण, सांसद अग्रवाल ने दी श्रद्धांजलि

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**

सहाड़ा विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर पहुंचे सांसद दामोदर अग्रवाल ने रायपुर तहसील के देवरिया गांव में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा अनावरण समारोह में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने प्रतिमा का अनावरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि बी. आर. अंबेडकर के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और उनके आदर्शों को जीवन में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अंबेडकर ने संविधान निर्माण के जरिए सामाजिक समानता की मजबूत नींव रखी।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक डॉ. बालूराम चौधरी ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए युवाओं से अंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। समारोह में बड़ी संख्या में ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं सहाड़ा विधायक लादू लाल पितलिया की अनुपस्थिति चर्चा का विषय बनी रही। कार्यक्रम का समापन अंबेडकर के जयघोष के साथ हुआ।



# बिना लाइसेंस वाहन चलाने पर कार्रवाई, 10 छात्र-छात्राओं के चालान

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

जिले में अवयस्क एवं बिना वैध लाइसेंस के वाहन चलाने पर रोक लगाने के लिए परिवहन विभाग द्वारा जांच अभियान चलाया जा रहा है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देश पर जिला परिवहन अधिकारी रामकृष्ण चौधरी के निर्देशन में यह कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में शुक्रवार को परिवहन निरीक्षक मनीष कुमार उड़नदस्ता प्रभारी डीएफएस-21 ने सेंट्रल एकेडमी स्कूल, बापूनगर के पास चेकिंग की। इस दौरान बिना वैध लाइसेंस वाहन चलाते पाए गए 10 छात्र-छात्राओं के चालान बनाए गए। अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बिना दस्तावेज वाहन नहीं चलाने की समझाइश दी तथा वैध लाइसेंस धारकों को हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने के निर्देश दिए।

साथ ही स्कूल प्रबंधन को भी बिना लाइसेंस वाहन लाने वाले विद्यार्थियों पर रोक लगाने के लिए पाबंद किया गया।

# विधिक साक्षरता शिविर आयोजित, विद्यार्थियों को साइबर अपराधों से बचाव की दी जानकारी






**भीलवाड़ा फोकस @ गुलाबपुरा**

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार शुक्रवार को महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोरावरपुरा तथा गांधी उच्च माध्यमिक विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार वाजा एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पुलकित शर्मा ने विद्यार्थियों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि डिजिटल युग में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं, ऐसे में सतर्कता और जागरूकता अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने ऑनलाइन फ्रॉड, फिशिंग, हैकिंग, ऑनलाइन स्टॉकिंग और साइबर बुलिंग जैसे अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए उनसे बचाव के उपाय बताए। साथ ही विद्यार्थियों को सलाह दी कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी होने पर तुरंत पुलिस या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर शिकायत दर्ज कराएं। शिविर के दौरान डिजिटल सुरक्षा, मजबूत पासवर्ड बनाने, ओटीपी साझा न करने और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए गए। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने सवालों के जवाब प्राप्त किए। अंत में विद्यार्थियों को कानून के प्रति जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ अध्यक्ष परमेश्वर शर्मा, तालुका सचिव सुनीता चौधरी, पीएलवी सदस्य अधिवक्ता शरीफ मोहम्मद गौरी, कुदरत अली, भानुप्रताप केलानी, राजेंद्र जोशी, अरविंद सिंह शेखावत, प्राचार्य सत्यनारायण अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार गुर्जर सहित शिक्षकगण उपस्थित रहे।

# जालिया में अवैध खनन के विरोध में 292 दिन से धरना, ग्रामीणों ने सांसद को सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



बनेड़ा तहसील के जालिया गांव में अवैध खनन और भारी ब्लास्टिंग के विरोध में ग्रामीणों का आंदोलन जारी है। करीब 292 दिनों से धरने पर बैठे ग्रामीणों ने अब अपनी समस्याओं को लेकर सांसद दामोदर अग्रवाल को ज्ञापन सौंपकर हस्तक्षेप की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में खनन कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की जा रही है, जिससे गांव में खतरा बढ़ रहा है। उनका कहना है कि पहले भी लंबे आंदोलन के बाद प्रशासन की मौजूदगी में कंपनी से समझौता हुआ था, लेकिन उसका पालन आज तक नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि खनन गतिविधियों के कारण घरों में दरारें आ रही हैं, फसलें प्रभावित हो रही हैं और पेयजल स्रोत भी खराब हो रहे हैं। साथ ही धूल व ध्वनि प्रदूषण के चलते स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं बढ़ रही हैं।

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण धरने के बावजूद उन्हें पाबंद करने की तैयारी की जा रही है, जो उनके अधिकारों का हनन है।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने अवैध खनन पर रोक, सुरक्षा नियमों का पालन, पूर्व समझौते को लागू करने, निष्पक्ष जांच कराने और प्रभावित परिवारों को राहत देने की मांग की है।ग्रामीणों ने सांसद से जल्द हस्तक्षेप कर समाधान दिलाने की अपील की है।

# ज्योति उपाध्याय बनीं सहाड़ा ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष

**भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।**



कांग्रेस संगठन में नई नियुक्तियों के तहत ज्योति उपाध्याय को सहाड़ा ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है, जिससे क्षेत्र में संगठन को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह द्वारा घोषित नई कार्यकारिणी में यह जिम्मेदारी सौंपी गई। ज्योति उपाध्याय, दिवंगत कांग्रेस नेता रामपाल उपाध्याय की पुत्रवधु हैं और क्षेत्र में उनका राजनीतिक प्रभाव माना जाता है।

नियुक्ति की खबर से कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा गया। ज्योति उपाध्याय ने प्रदेश नेतृत्व का आभार जताते हुए संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प जताया।



QUICK BITES

## त्रिवेणी संगम पर 13 से श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ, 12 को निकलेगी भव्य कलश यात्रा

**भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।**



त्रिवेणी संगम पर बानोड़ा बालाजी के तत्वावधान में श्री राम कृष्ण कल्कि शक्ति महायज्ञ का आयोजन 13 अप्रैल से शुरू होगा। इससे पूर्व 12 अप्रैल को विशाल कलश यात्रा एवं भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। श्री बानोड़ा बालाजी सेवा मंडल के अनुसार 12 अप्रैल रविवार को सुबह 10:15 बजे मेला चौक, त्रिवेणी संगम से गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा प्रारंभ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भाग लेंगी। इस दौरान आसपास के करीब 25 गांवों से 38 चारभुजा नाथ बेवाणों की शोभायात्रा विभिन्न मार्गों से होते हुए यज्ञ स्थल पहुंचेगी। 13 अप्रैल से शुरू होने वाले पांच दिवसीय पंचकुंडीय महायज्ञ में श्रद्धालु आहुतियां देंगे। आयोजन के दौरान 12 से 17 अप्रैल तक प्रतिदिन रात्रि में भजन संध्या का भी आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ का समापन 17 अप्रैल को पूर्णाहुति के साथ होगा। इस दिन दोपहर 2:15 बजे भगवान श्री चारभुजा नाथ एवं यज्ञ लक्ष्मी का पाणिग्रहण संस्कार आयोजित होगा, जिसके बाद प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजकों द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं।

## अंबेडकर जयंती को लेकर बैठक हुई, भव्य रैली व सम्मान समारोह की तैयारियां पूरी

**भीलवाड़ा फोकस @ सावर**

**दिलखुश मोटीस**



डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के उपलक्ष्य में अंबेडकर संघर्ष समिति के तत्वावधान में शुक्रवार को एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल 2026 को भव्य रैली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें करीब 200 मोटरसाइकिल और 50 फोर व्हीलर वाहन शामिल होंगे। रैली में झंडे-बैनर के साथ अखाड़ा प्रदर्शन भी आकर्षण का केंद्र रहेगा। रैली के पश्चात आमसभा आयोजित होगी, जिसमें प्रतिभावान बालक-बालिकाओं का सम्मान किया जाएगा। बैठक का आयोजन रंगलाल आलोरिया के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्ष घनश्याम पवार, संरक्षक ओमप्रकाश कांसोटिया, पूर्व सरपंच रंगलाल भील सहित मार्गदर्शक समिति के सदस्य चांदमल खटीक, सूरज करण मालावत, कालूराम खटीक, उमेद सिंह दिदावत, कालूराम रेगर, मदनलाल रेडियो, भरतकुमार धोबी, सत्यनारायण कोली, विनोद कुमार पवार, रवि कुमार मालावत, सीताराम डुमावत सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रमिक प्रतिनिधिमंडल ने नए लेबर कोड पर फैल रही भ्रांतियों को लेकर उप श्रम आयुक्त से की मुलाकात

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



भारत सरकार द्वारा लागू किया जा रहे नए लेबर कोड को लेकर सोशल मीडिया पर फैल रही विभिन्न प्रकार की भ्रांतियों और गलत जानकारियों के बीच श्रमिकों में बढ़ती असमंजस की स्थिति को देखते हुए श्रमिक प्रतिनिधिमंडल ने उप श्रम आयुक्त से मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने श्रमिकों की चिंताओं और शंकाओं को विस्तार से रखा। बैठक में विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि सोशल मीडिया पर बिना सत्यापन के प्रसारित हो रही सूचनाएं श्रमिकों के बीच भ्रम पैदा कर रही हैं, जिससे अनावश्यक भय और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अनुरोध किया कि सही और स्पष्ट जानकारी श्रमिकों तक पहुंचाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। प्रतिनिधि मंडल इंटक जिला अध्यक्ष दीपक व्यास, महामंत्री कान सिंह चुंडावत, एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष भैरू सिंह टांक के नेतृत्व में उप श्रम आयुक्त शिव दयन सोलंकी से मिलकर उन्हें मौखिक रूप से अवगत कराया। जिस पर उपश्रम आयुक्त ने आश्वस्त किया कि फिलहाल राज्य सरकार द्वारा वेतन के संदर्भ में किसी भी प्रकार के नए सर्कुलर लागू नहीं किए गए एवं भविष्य में किसी भी अगर प्रकार की नई सूचना प्राप्त होने पर प्रचार प्रसार कर सभी ट्रेड यूनियनों को अवश्य सूचित किया जाएगा। श्रमिक प्रतिनिधि मंडल में मॉडर्न वस्टेड के महामंत्री गोपाल तेली, आरएसडब्ल्यूएम मंडपम महामंत्री नंदलाल गाडरी, बीएसएल वस्टेड के कमल पाराशर, मदन सिंह टांक, बीपीएल श्रमिक संघ महामंत्री गोपाल गुर्जर एवं अध्यक्ष सांवर सिंह सहित कई साथी उपस्थित थे।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ | बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# शाहपुरा में संघ की गोष्ठी 'संगठित समाज ही राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचाएगा'

## राज्यपाल बागड़े बोले आत्मशुद्धि का दिव्य मार्ग, अहिंसा-अपरिग्रह से विश्व शांति का आह्वान





**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।**

**मूलचन्द पेसवानी**

आदर्श विद्या मंदिर गांधीपुरी में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा आयोजित प्रमुख जन गोष्ठी में राष्ट्र निर्माण, सामाजिक समरसता और वर्तमान चुनौतियों पर गहन मंथन हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण कुमार जैन ने मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए संघ की 100 वर्षों की यात्रा, उसके उद्देश्यों और राष्ट्र के समक्ष उपस्थित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रकाश डाला।

नगर संचालक कन्हैयालाल वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस गोष्ठी में जैन ने कहा कि संघ का मूल उद्देश्य एक सशक्त, संगठित और चरित्रवान समाज का निर्माण करना है, जो राष्ट्र को परम वैभव तक पहुंचा सके। उन्होंने कहा कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है और आने वाला समय भी भारत का ही है, लेकिन इसके लिए समाज को अपनी संस्कृति, परंपराओं और मूल्यों के प्रति सजग रहना होगा।

अपने उद्बोधन में उन्होंने सामाजिक समरसता को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि समाज का विखंडन ही देश की सबसे बड़ी कमजोरी है। 'यदि समाज बंटेगा, तो राष्ट्र कमजोर होगा, इसलिए हमें हर हाल में समाज को एकजुट रखना है,। उन्होंने धर्मांतरण के मुद्दे पर चिंता जताते हुए कहा कि इसके प्रति जागरूक रहना और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत करना समय की आवश्यकता है।

जनगणना के विषय में उन्होंने कहा कि यह केवल आंकड़ों की प्रक्रिया नहीं, बल्कि देश की नीतियों और भविष्य की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सभी वर्गों से इसमें सक्रिय और सजग भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

सोशल मीडिया के बढ़ते प्रभाव पर जैन ने कहा कि यह एक शक्तिशाली माध्यम है, लेकिन इसके दुरुपयोग से समाज में भ्रम और विभाजन की स्थिति उत्पन्न हो रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी जानकारी को बिना सत्यापन के साझा न करें और सतर्कता के साथ इसका उपयोग करें।

संघ की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि आपदाओं के समय संघ कार्यकर्ता हमेशा अग्रिम पंक्ति में रहे हैं। आपातकाल के दौरान लोकतंत्र की रक्षा से लेकर विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं में सेवा कार्यों तक, संघ ने समाज के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। उन्होंने बताया कि देशभर में संघ के माध्यम से हजारों सेवा कार्य संचालित हो रहे हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के क्षेत्र शामिल हैं।

जैन ने पंच परिवर्तन सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, नागरिक कर्तव्य, स्व का बोध और पर्यावरण संरक्षणकृको वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि परिवार और समाज को मजबूत बनाकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को अपने इतिहास और महापुरुषों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। वंदेमातरम् के सामूहिक गान से वातावरण राष्ट्रभक्ति से गूंज उठा और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम सिंह राणावत ने किया।

# जिला अस्पताल बना 'नाम का', मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़

## डॉक्टरों की कमी से शाहपुरा बेहाल, इलाज के नाम पर सन्नाटा

**भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा**

**(मूलचंद पेसवानी)**



शाहपुरा का जिला चिकित्सालय इन दिनों 'नाम बड़ा और दर्शन छोटे' की कहावत को चरितार्थ करता नजर आ रहा है। अस्पताल में इलाज के नाम पर सन्नाटा पसरा है और मरीजों को राहत के बजाय निराशा हाथ लग रही है। गंभीर हालात को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी शाहपुरा ने शुक्रवार को विरोध दर्ज कराते हुए उपखण्ड अधिकारी को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष महावीर कुमावत और नगर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में अस्पताल की बदहाल व्यवस्था पर कड़ी नाराजगी जताई गई। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि शाहपुरा को भले ही जिला अस्पताल का दर्जा मिल गया हो, लेकिन जमीनी स्तर पर सुविधाएं 'शून्य' के आसपास ही सिमटी हुई हैं।

ज्ञापन में बताया गया कि अस्पताल में सबसे जरूरी जनरल फिजिशियन और सोनोग्राफी के लिए रेडियोलॉजिस्ट तक उपलब्ध नहीं हैं। इसके चलते मरीजों को प्राथमिक जांच और इलाज के लिए भी भटकना पड़ रहा है। हालत यह है कि वृद्ध, पेंशनधारक, गरीब और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीज घंटों लाइन में लगने के बावजूद बिना इलाज लौटने को मजबूर हैं।

डॉक्टरों की भारी कमी के कारण मरीजों को करीब 50 किलोमीटर दूर भीलवाड़ा जाना पड़ रहा है। आर्थिक तंगी के चलते कई मरीज वहां तक नहीं पहुंच पाते और उनकी बीमारी लगातार गंभीर होती जा रही है। यह स्थिति चिंताजनक होने के साथ प्रशासनिक लापरवाही को भी उजागर करती है। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द डॉक्टरों की नियुक्ति नहीं की गई तो हालात और बिगड़ेंगे। उन्होंने तत्काल जनरल फिजिशियन और रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर अस्पताल व्यवस्था सुधारने की मांग की। साथ ही कहा कि 10 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और सरकार की होगी।

शाहपुरा की जनता अब सवाल उठा रही है कि जब अस्पताल में डॉक्टर ही नहीं हैं, तो 'जिला चिकित्सालय' का दर्जा आखिर किस काम का?

# अंबेडकर जयंती पर कोटड़ी में विशाल रक्तदान शिविर, 261 यूनिट रक्त संग्रह





**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

**(राजेन्द्र बबलू पोखरना)।** बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में कोटड़ी मुख्यालय स्थित श्री चारभुजा मंदिर प्रांगण में शुक्रवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में क्षेत्रभर से आए युवाओं व ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 261 यूनिट रक्तदान किया।

शिविर का आयोजन 'रक्तदान जागरूकता पखवाड़ा' के अंतर्गत किया गया, जिसमें सुबह से ही रक्तदाताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर का शुभारंभ सुबह 8:15 बजे हुआ और दिनभर रक्तदाताओं का उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री रामलाल जाट मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि युवा नेता प्रद्युमन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। अतिथियों ने रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस पुनीत कार्य की सराहना की।

पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जो सीधे किसी की जान बचाने का कार्य करता है। उन्होंने बाबा साहेब के आदर्शों को अपनाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति की सेवा करने का संदेश दिया। वहीं प्रद्युमन सिंह ने युवाओं की भागीदारी को सराहते हुए कहा कि जब युवा सेवा कार्यों से जुड़ते हैं तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन आता है।

सोसायटी के सचिव शंकर लाल गाडरी ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न गांवों से आए युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिससे लक्ष्य के अनुरूप 261 यूनिट रक्त एकत्र किया जा सका। उन्होंने बताया कि शिविर की सफलता में विजन इंडिया वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों, स्थानीय कार्यकर्ताओं और चिकित्सा टीम का विशेष योगदान रहा।

कार्यक्रम में रामकुमार मीणा, जमनालाल डीडवानिया, रत्नलाल जाट, ओम नारायणीवाल, विजय सिंह राणावत, अशोक डीडवानिया, सत्यप्रकाश डीडवानिया, देवबक्स जाट, भीम सिंह मेड़तिया, सुदर्शन गाड़ोदिया, वीरेंद्र सिंह लोढ़ा, राधेश्याम मूंदड़ा, श्रवण सोनी सहित कई जनप्रतिनिधि, समाजसेवी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अंत में सचिव शंकर लाल गाडरी ने सभी रक्तदाताओं, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# 'ईट राइट इंडिया मिशन' के तहत बालिकाओं को दिया स्वस्थ आहार का संदेश

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**



पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, बापू नगर में 'ईट राइट इंडिया मिशन' के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक की छात्राओं को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक किया गया।

संस्था प्रधान सुनीता नानकानी ने बताया कि पीएम श्री योजना के तहत छात्राओं के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे कार्यक्रम उन्हें बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करते हैं।

कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनिल शर्मा, गोरधन लाल प्रजापत एवं राजवीर सिंह चारण ने छात्राओं को 'इट राइट , इट हेल्थी , इट सस्टेनेबल' की अवधारणा समझाते हुए संतुलित आहार के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड तथा अधिक नमक, शुगर व वसा युक्त खाद्य पदार्थों से बचने और घर का पौष्टिक भोजन, मौसमी फल-सब्जियां व मोटे अनाज अपनाने की सलाह दी। साथ ही फूड लेबल पढ़ने और स्वच्छता बनाए रखने के बारे में भी जानकारी दी गई।

उप प्रधानाचार्य मीनाक्षी सुहील ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्राओं व स्टाफ ने भाग लिया। इस दौरान छात्राओं ने पोषण से जुड़े सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

# विश्व शांति के लिए भारत का सशक्त होना जरूरी : निम्बाराम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) जिला आसीन्द द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में महावीर भवन, बड़ा बाग आसीन्द में 'प्रमुख जन गोष्ठी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजन, स्वयंसेवक, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद एवं स्थानीय नागरिकों की भागीदारी रही।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता संघ के राजस्थान क्षेत्रीय प्रचारक निम्बाराम ने कहा कि पिछले सौ वर्षों में संघ ने दैनिक शाखाओं, सेवा कार्यों, शैक्षणिक एवं सामाजिक पहलों के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि संघ की मूल दृष्टि एक मजबूत, आत्मविश्वासी, सांस्कृतिक रूप से जागरूक और संगठित भारत के निर्माण की रही है।

उन्होंने कहा कि हर राष्ट्र की अपनी एक आत्मा होती है और संघ ने हिन्दुत्व को भारत की आत्मा व पहचान मानते हुए कार्य किया है। 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः' के मंत्र को उद्धृत करते हुए उन्होंने कहा कि इस भूमि को माता मानकर समर्पण भाव से कार्य करना ही हमारी परंपरा रही है। हिन्दू दर्शन में 'वसुधैव कुटुम्बकम' जैसे विचार विश्व को एक परिवार मानने की प्रेरणा देते हैं।

निम्बाराम ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व समुदाय पर्यावरण संकट, आतंकवाद, व्यापारिक वर्चस्व और विस्तारवादी नीतियों से जूझ रहा है। ऐसे में विश्व कल्याण के लिए भारत का सशक्त होना आवश्यक है। उन्होंने युवाओं को सकारात्मक सामाजिक कार्यों से जोड़ने, सामाजिक समरसता बढ़ाने, भेदभाव से ऊपर उठकर समाज को एकसूत्र में पिरोने, परिवार संस्था को मजबूत करने और पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर दिया।


कार्यक्रम में मंच पर जिला संघ चालक मदनलाल चंदेल एवं नगर संघ चालक जमनालाल टेलर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई, जिसके बाद भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। आयोजकों ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित यह गोष्ठी संघ की सामाजिक एवं राष्ट्रीय यात्रा को समझने तथा भविष्य की दिशा पर विमर्श करने के उद्देश्य से आयोजित की गई है।

# भीलवाड़ा की अभिलाषा ने राज्य सरकार के सहयोग से भरी उद्यमिता की नई उड़ान

## अभिलाषा देवी डांगी बनी महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।






जिले की हुरड़ा तहसील स्थित बरनी गांव की निवासी अभिलाषा देवी डांगी आज उन महिलाओं के लिए प्रेरणा बनकर उभरी हैं, जो आत्मनिर्भर बनने का सपना देखती हैं। मैसर्स डांगी मिनरल्स एलएलपी की पार्टनर के रूप में उन्होंने न केवल अपने उद्यम को सफलतापूर्वक स्थापित किया, बल्कि यह भी साबित किया कि सही दिशा, मेहनत और सरकारी सहयोग से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

डांगी द्वारा खसरा नंबर 931 व 932 पर लगभग 3 करोड़ 63 लाख रुपये का निवेश कर फेल्सपार पाउडर निर्माण की एक आधुनिक इकाई स्थापित की गई। इस प्रोजेक्ट के लिए उन्होंने 1 करोड़ 40 लाख 36 हजार 589 रुपये का ऋण लिया और 31 मई 2025 को अपने उद्योग का सफलतापूर्वक संचालन शुरू किया।

उद्योग स्थापना के दौरान उन्हें राजस्थान सरकार की राजस्थान निवेश प्रोत्साहन योजना 2024 के तहत 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान का लाभ मिला। इसके साथ ही, राजस्थान एमएसएमई पॉलिसी 2024 के अंतर्गत महिला उद्यमी होने के कारण उन्हें अतिरिक्त 2 प्रतिशत ब्याज अनुदान भी स्वीकृत हुआ। इस प्रकार कुल 8 प्रतिशत ब्याज अनुदान मिलने से उनका बैंक ऋण लगभग ब्याज मुक्त हो गया, जिससे उनके उद्योग की वित्तीय स्थिति और अधिक मजबूत हुई। इस सरकारी सहयोग ने न केवल उनके व्यवसाय को गति दी, बल्कि उन्हें आत्मविश्वास और आर्थिक मजबूती भी प्रदान की। आज उनकी इकाई क्षेत्र में रोजगार सृजन के साथ-साथ औद्योगिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

अभिलाषा देवी डांगी ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की योजनाएं महिला उद्यमियों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करती हैं और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में सशक्त बनाती हैं। यह पहल राज्य सरकार के महिला सशक्तिकरण के विजन को साकार करती है। उनकी यह सफलता कहानी अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है, जो अपने सपनों को साकार करने का साहस रखती हैं। यदि दृढ़ निश्चय और सही मार्गदर्शन मिले, तो हर महिला अपने जीवन में नई ऊंचाइयों को छू सकती है।

# भीलवाड़ा में उमड़ा आस्था का सैलाब, कथा पांडाल भी पड़ा छोटा

## पंडित प्रदीप मिश्रा की शिव महापुराण कथा में तीसरे दिन रिकॉर्ड भीड़





भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**

मेवाड़ की पावन धरा पर इन दिनों भक्ति का अद्भुत माहौल देखने को मिल रहा है, जहां प्रख्यात कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा की श्री शिव महापुराण कथा में जनसैलाब उमड़ पड़ा है। सात दिवसीय कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को मेडिसिटी ग्राउंड में बने विशाल डोम और पांडाल भी श्रद्धालुओं की भीड़ के आगे छोटे पड़ गए। हालात ऐसे रहे कि लाखों वर्ग फीट में फैले पांडाल के भीतर ही नहीं, बाहर भी श्रद्धालुओं को खड़े होकर कथा सुननी पड़ी।

संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत बाबूगिरीजी महाराज के सानिध्य में चल रही कथा में पंडित मिश्रा ने कहा कि 'यदि जीवन का परिणाम बदलना है तो प्रणाम करना शुरू कर दीजिए।' उन्होंने 'श्री शिवाय नमस्तुभ्यम' मंत्र के महत्व को बताते हुए कहा कि प्रणाम से दुःख दूर होकर सुख का मार्ग खुलता है।उन्होंने आस्था की शक्ति पर जोर देते हुए कहा कि पत्थर की मूर्ति को भगवान हमारी श्रद्धा ही बनाती है। मन परिवर्तन के बिना जीवन में शांति संभव नहीं। संत बनना आसान है, लेकिन गृहस्थ जीवन में रहकर भक्ति करना सबसे कठिन साधना है।

कथा के दौरान पंडित मिश्रा ने युवाओं को विशेष संदेश देते हुए कहा कि जो माता-पिता से छुपकर खाते हैं, वे चोरी के समान है। उन्होंने कहा कि बच्चों की तरह ही बुजुर्गों का भी मन होता है, इसलिए उनकी इच्छाओं का सम्मान करें। माता-पिता की दुआएं ही सफलता की असली पूंजी होती हैं।प्रवचन में उन्होंने बताया कि भगवान शिव को जल अर्पित करने से सभी 33 करोड़ देवी-देवताओं की पूजा का फल प्राप्त होता है। नियमित जलाभिषेक से वास्तुदोष, पितृदोष और कालसर्प दोष भी दूर होते हैं। कथा के दौरान 'तेरे डमरू की धुन सुनकर मैं काशी नगरिया आई हूं3' जैसे भजनों पर हजारों श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। पूरा पांडाल भक्ति रस में डूबा नजर आया। आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने, कीमती आभूषण नहीं पहनने और अपने सामान का ध्यान रखने की अपील की है। कथा 14 अप्रैल तक प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी। कथा स्थल पर सेवा का भी अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है। भोजनशाला में हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन की व्यवस्था है, वहीं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा जल, चाय और नाश्ते की सेवा निरंतर की जा रही है। भीलवाड़ा में यह आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आस्था, सेवा और संस्कारों का महाकुंभ बन गया है।

# 14 अप्रैल को धूमधाम से मनेगी सेन जयंती, भव्य शोभायात्रा की तैयारी पूरी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

सेन क्षौरकार वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में 14 अप्रैल को सेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर नगर निगम टाउन हॉल से शाम 5 बजे भव्य शोभायात्रा निकलेगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए सेन जी महाराज मंदिर मुरलीधर परिसर पहुंचेगी।अध्यक्ष गोविंद सेन ने बताया कि शोभायात्रा के स्वागत के लिए शहरभर में स्वागत द्वार लगाए जाएंगे और विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा की जाएगी। महोत्सव के तहत रक्तदान शिविर (सुबह 10 बजे), प्रतिभा सम्मान (दोपहर 2 बजे) और सांस्कृतिक कार्यक्रम (दोपहर 3 बजे) सहित कई आयोजन होंगे।



साथ ही निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाए जाएंगे।

संस्था सचिव जितेंद्र सेन ने बताया कि भोजन प्रसाद का आयोजन राजेंद्र मार्ग स्कूल में रखा गया है, जिसके लिए कूपन 13 अप्रैल तक ही वितरित किए जाएंगे।


संस्था पदाधिकारियों ने समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

## QUICK BITES

# रेणवास में 17 अप्रैल को श्री लक्ष्मीनाथ फूलडोल महोत्सव, भजन संध्या में गूंजेंगे भक्ति के स्वर

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा।

**(सांवर वैष्णव)**



क्षेत्र के रेणवास गांव में शुक्रवार को श्री लक्ष्मीनाथ फूलडोल महोत्सव एवं छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर फूलडोल कमेटी एवं ग्रामीण तैयारियों में जुटे हुए हैं।

आयोजक समिति के अनुसार, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री लक्ष्मीनाथ भगवान के नाम यह महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत सायं 4 बजे लक्ष्मीनाथ मंदिर से भगवान की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली जाएगी, जो गांव के विभिन्न मार्गों से होते हुए रात्रि 8 बजे राम चौक पहुंचेगी।

इसके पश्चात रात्रि 9:15 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक जगदीश वैष्णव , अनिल नागौरी , ममता वाजपेयी , पूरण गुर्जर , लज्जु चौहान, श्रवण सेंदरी और तेजपाल नरवर भक्तिमय भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

साथ ही नृत्यांगना गरिमा चौपड़ा, सोनू सैनी, पूजा , अनोखी राजस्थानी, पलक , अंकित एवं पायल द्वारा आकर्षक राजस्थानी नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे।

कार्यक्रम का संचालन रमेशचंद्र सुठेपा द्वारा किया जाएगा। आयोजन को लेकर पूरे गांव में उत्साह का माहौल है।

# स्वायत्त शासन विभाग मंत्री ने शिव महापुराण कथा का किया श्रवण, कथावाचक प्रदीप मिश्रा से लिया आशीर्वाद

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



स्वायत्त शासन विभाग के मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने शुक्रवार को मेडिसिटी, भीलवाड़ा में आयोजित शिव महापुराण कथा में सहभागिता करते हुए कथा का श्रवण किया।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रसिद्ध कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं एवं लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने का कार्य करते हैं।

इस अवसर पर शहर विधायक अशोक कोठारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

# पन्नाधाय जागृति सप्ताह में महिलाओं-बालिकाओं को योजनाओं की दी जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।




पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान जागृति सप्ताह के तहत महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में केन्द्र प्रबंधक गंगा दाधीच ने महिलाओं के अधिकार, सुरक्षा व सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी। विधिक परामर्शदाता सुमन खोईवाल ने मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन, कौशल विकास सहित विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला।

सामाजिक परामर्शदाता सीमा शर्मा ने बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य व सुरक्षा पर जोर दिया, वहीं मनोसामाजिक परामर्शदाता सुनीता शर्मा ने आत्मरक्षा व आपात स्थिति में सावधानी के उपाय बताए।

कार्यक्रम में करीब 70 महिलाओं ने भाग लिया और अपनी समस्याएं रखीं, जिनका मौके पर समाधान किया गया।

# उपराष्ट्रपति भवन में सिंधी भाषा में संविधान पुस्तक का विमोचन, भीलवाड़ा के विनोद झुरानी रहे साक्षी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर उपराष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित भव्य समारोह में भारतीय संविधान के सिंधी भाषा में अनुवादित संस्करण का विमोचन किया गया। इस अवसर पर सी. पी. राधाकृष्णन, वासुदेव देवनानी , अर्जुन राम मेघवाल एवं सांसद शंकर लालवानी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के साक्षी के रूप में भीलवाड़ा के भाजपा नेता विनोद झुरानी भी मौजूद रहे।

10 अप्रैल को सिंधी समाज के लिए ऐतिहासिक दिन बताया गया, क्योंकि इसी दिन वर्ष 1967 में अटल बिहारी वाजपेयी के प्रयासों से सिंधी भाषा को संवैधानिक मान्यता मिली थी।

भाजपा नेता विनोद झुरानी ने बताया कि संविधान को हर नागरिक तक उसकी मातृभाषा में पहुंचाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। सिंधी भाषा में संविधान उपलब्ध होने से देशभर के लाखों सिंधी भाषी लोगों को अपने अधिकारों और कर्तव्यों को समझने में आसानी होगी।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि यह पहल नरेंद्र मोदी की उस सोच का परिणाम है, जिसमें देश की सभी भाषाओं में संविधान को उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया है। आठवीं अनुसूची में शामिल सभी 22 भाषाओं में संविधान के अद्यतन संस्करण तैयार किए जा रहे हैं। इस संविधान संस्करण को देवनागरी और फारसी दोनों लिपियों में प्रकाशित किया गया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों तक इसकी पहुंच सुनिश्चित हो सके।

केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं सांसद शंकर लालवानी ने इसे 'विकसित भारतञ्च2047' के विजन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए कहा कि इससे भाषाई विविधता को सम्मान मिलेगा और लोकतंत्र की जड़ों को मजबूती मिलेगी।

समारोह में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं सिंधी समाज के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने इस ऐतिहासिक पहल का स्वागत किया।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।